## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी डूंगरपुर

**पीठासीन अधिकारी– श्री सांवरलाल आबासरा, आर.ए.एस.**

मु.नं. 30/15 — दायर दिनांक 14.05.2025

निर्णय दिनांक 03.09.2025

श्री हितेश पिता सोमा कटारा मीणा उम्र 52 साल निवासी माथुमामडा फला धाणी तहसील व जिला डूंगरपुर जिला डूंगरपुर

प्रार्थी

–: बनाम :–

1. श्री बालु पिता सोमा कटारा उम्र 65 साल
2. काना पिता सोमा कटारा उम्र 58 साल
3. देवा पिता सोमा कटारा उम्र 55 साल
4. नानापिता सोमा कटारा उम्र 54 साल
5. कान्ति पिता सोमा कटारा उम्र 50 वर्ष
6. श्रीमती मणी पुत्री सोमा कटारा (पत्नी अरजन निवासी पारडा) उम्र 46 वर्ष निवासीयान माथुगामडा फला धाणी तहसील व जिला डूंगरपर राजस्थान
7. श्रीमती हुरज पुत्री सोमा कटारा (पत्नी मौगा निवासी गन्धवा) उम्र 46 वर्ष निवासीयान माथुगामडा फला धाणी, तहसीलव जिला डूंगरपुर
8. श्री गटु पुत्र हीरा मीणा उम्र बालिग
9. श्रीमती चम्पादेवी पत्नी अमरा मीणा उम्र बालिग
10. श्री बदापुत्र रूपा मीणा उम्र बालिग
11. श्रीमती मणी पुत्री हीरा मीणा उम्र बालिग?
12. श्रीमती होमली पत्नी स्व. रूप मीणा उम्र बालिग निवासीयान माथुगामडा पाल, तहसील व जिला डूंगरपुर राजस्थान
13. राजस्थान राज्य जरिये भूमिधारी तहसीलदार डूंगरपुर तहसील व जिला डूंगरपुर

विपक्षी

**प्रार्थना–पत्र बाबत् इन्द्राज दुरूस्ती**

**अन्तर्गत रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136**

**–: निर्णय :–**

प्रकरण का विवरण इस प्रकार है कि पक्षकारान वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 1से 7 स्व. सोमा पिता कचरा कटारा मीणा निवासी माथुगामडा फला धाणी, तहसील व जिला डूंगरपुर के पुत्र पुत्रियां होकर वैद्य उत्तराधिकारी है, पक्षकारान के पिता श्री सोमा पुत्र कचरा कटारा की अर्सा 15 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गयी है तथा माता श्रीमती धुली पत्नी सोमा कटारा की मृत्यु करीब 10 वर्ष पूर्व हो चुकी है। वादी की बहन श्रीमती लक्ष्मी पुत्री सोमा की मृत्यु अर्सा 05 वर्ष पूर्व हो चुकी है। पक्षकारा वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 से 7 के शिरकती खाते कब्जे काश्त की आराजी मौजा धाणी पटवार मण्डल माथुगामडा खास तहसील व जिला डूंगरपुर राज. में स्थित है। जमाबंदी चौसाला 2078–2078 वर्ष 2021 के खाता संख्या 46 नया एवं 181 पुराना कुल खसरे 2 रकबा 0.6500 हेक्टैयर है जिसमें प्रार्थी का नाम हरवन पिता सोमा हिस्सा 1/9 एवं खाता संख्या 331 व 435 कुल खसरा 1 रकबा 0.2000 हेक्टेयर हरतण पुत्र सोमा हिस्सा 1/10 तथा खाता संख्या 332 नया 499 पुराना के कुल 2 खसरे रकबा 0.300 हेक्टैयर है जिसमे हरवण पुत्र सोमा मीणा हिस्सा 1/9 व खाता संख्या नया 503, पुराना

उपखण्ड अधिकारी

499 में हरतन पुत्र सोमा हिस्सा 1/30 कुल खसरा 1 रकबा 0.5500 हेक्टेयर राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज है। वाद वर्णित आराजीयात में राजस्व रिकॉड में इन्द्राज दुरूस्ती कर वादी नाम हरवण, हरतन, हरतण के स्थान पर हितेश दर्ज कराने निवेदन किया गया। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगणों को जरिये सम्मन तलब किये गये।

प्रतिवादी संख्या 1 से 7 व 10, 11 की ओर से अधिवक्ता द्वारा राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी वर्ष 2078–2078 मौजा माथुगामडापाल के खाता संख्या 331, 332, 503 में हरतण, हरवण, हरतन के स्थान पर हितेश पिता सोमा दर्ज कराने जवाब प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण में साक्ष्य के रूप में प्रार्थी श्री हितेश पिता सोमा कटारा पी.डब्ल्यु–1 बयान कलमबद्ध किये जाकर जमाबन्दी प्रदर्श करायी गई जिसमें प्रार्थी ने अपने बयान में बताया कि मेरे सिरकती खातेदारों से किसी प्रकार का कोई विवाद नही है तथा मेरा नाम राजस्व रिकॉर्ड में हितेश पिता सोमा इन्द्राज करावे। मेरे सिरकती काश्तकारो में कोई आपत्ति नही है।

प्रार्थना पत्र राजस्व वाद प्रकृति का होने से रिपोर्ट पटवारी/भूमिधारी तहसीलदार डूंगरपुर से प्राप्त की गई जिसमें तहसील डूंगरपुर के पत्र क्रमांक 760 दिनांक 05.08.2025 प्रस्तुत की गई जिसमें पटवारी हल्का माथुगामडा की मौका जॉच अनुसार मौजा धाणी पटवार मण्डल माथुगामडा खास में जमाबंदी अनुसार वर्तमान खाता संख्या 46 में प्रार्थी का नाम हरवन पिता सोमा हिस्सा 1/9 खातेदार दर्ज रिकॉर्ड है तुलनात्मक गत जमाबंदी संवत 2066–69 के खाता संख्या 39 में भी हरवन पिता सोमा नामान्तकरण संख्या 50 के अनुसार दर्ज रिकार्ड है। मौजा माथुगामडा पाल के वर्तमान जमाबंदी संवत् 2078 से निरन्तर के खाता संख्या 331 में प्रार्थी का नाम हरतण पिता सोमा हिस्सा 1/10 एवं खाता संख्या 332 में हरवण पिता सोमा 1/9 तथा खाता संख्या 503 मं हरतन पुत्र सोमा हिस्सा 1/30 दर्ज है एवं गत जमाबंदी तुलनात्मक संबंवत् 2069–72 के खाता संख्या 276 एवं 423 में नामान्तरण संख्या 1408 के अनुसार प्रार्थी का नाम हरवण पिता सोमा मीणा खातेदार दर्ज रिकॉर्ड हुआ है। प्रार्थी उक्त खाते में अपना सही नाम हितेश पिता सोमा नाम दुरस्ती हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है इस हेतु प्रार्थी द्वारा अपने पहचान के दस्तावेज यथा आधार कार्ड वोटर आई डी बैक डायरी आदि दस्तावेज उपलब्ध कराये जिससे प्रार्थी का नाम हितेश पिता सोमा दर्ज है तथा ग्राम पंचायत माथुगामडा खास द्वारा भी प्रार्थी का नाम हितेश पिता सोमा दर्ज किया जाना उचित बताया है।

अतः रिपोर्ट भूमिधारी (तहसीलदार) डूंगरपुर एवं प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जमाबंदी चौसाला 2078–2078 वर्ष 2021 के खाता संख्या 46 नया एवं 181 पुराना कुल खसरे 2 रकबा 0.6500 हेक्टैयर है जिसमें प्रार्थी का नाम हरवन पिता सोमा हिस्सा 1/9 एवं खाता संख्या 331 व 435 कुल खसरा 1 रकबा 0.2000 हेक्टेयर हरतण पुत्र सोमा हिस्सा 1/10 तथा खाता संख्या 332 नया 499 पुराना के कुल 2 खसरे रकबा 0.1300 हेक्टैयर है जिसमे हरवण पुत्र सोमा मीणा हिस्सा 1/9 व खाता संख्या नया 503, पुराना 499 में हरतन पुत्र सोमा हिस्सा 1/30 कुल खसरा 1 रकबा 0.5500 हेक्टेयर राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज है। उक्त जमाबंदी में अंकित नाम हरवन, हरतण, हरतन को

उपखण्ड अधिकारी
डूंगरपुर

विलोपित करते हुये सही नाम हितेश पिता सोमा दर्ज करने आदेश दिया जाता है। पालना हेतु तहसीलदार डूंगरपुर को लिखा जावे।

निर्णय आज दिनांक 03.09.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल में शुमार हो।

(सांवरलाल आबासरा)
उपखण्ड अधिकारी
डूंगरपुर